फ्लेक्सीबांड 21 - रेग्युलर इंकम बांड - विकल्प `सी ' एवं रिटायरमेंट बांड - विकल्प `बी'

<u>20 अप्रैल 2014 को मोचन / परिपक्वता भुगतान</u>

फ्लेक्सीबांड 21 के लिए 27 फरवरी 2004 के ऑफर दस्तावेज के निबंधनों के अनुसार उपर्युक्त बांडों में आपके निवेश 20 अप्रैल 2014 को परिपक्व हो जाएंगे और उसके बाद कोई ब्याज देय नहीं होगा. बीएसई/एनएसई को भेजे गये नोटिस के अनुसार परिपक्वता राशि की अदायगी करने के उद्देश्य से 21/03/2014 से 19/04/2014 तक बुक-क्लोजर रहेगा.

2. **आईडीबीआई बैंक लि. के बांडधारकों को अब मोचन के लिए मूल बांड सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है.** मूलधन और ब्याज सहित मोचन प्राप्तियां /अंतिम वार्षिकी भुगतान दिनांक 20 अप्रैल 2014 के वारंटों / ईसीएस के ज़रिए सभी पंजीकृत बांडधारकों (यथा रिकॉर्ड तारीख :21 मार्च 2014)को भेजी जाएंगी.

3. वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा जारी दिनांक 17 जनवरी 2005 की अधिसूचना संख्या 5/2005/एफ नं. 275/67/2004 - आईटी (बी) के अनुसार बांडों पर ब्याज अदायगी से स्रोत पर कर की वसूली नहीं की जाएगी. तथापि, आयकर अधिनियम 1961 के संबंधित प्रावधानों के अनुसार प्राप्तकर्ता के स्तर पर ब्याज आय कर योग्य होगी.

4. बांडधारक के नाम, पते व बैंक खाते में परिवर्तन, `अवयस्क' के `वयस्क' हो जाने के कारण उसकी स्थिति में परिवर्तन अथवा विवाह आदि के कारण नाम में परिवर्तन की सूचना (प्रमाण के लिए जन्म / विवाह प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियों के साथ) **संबंधित फोलियो नम्बर का उल्लेख करते हुए** रजिस्ट्रार अर्थात् कार्वी कम्प्युटरशेयर प्रा. लि., 17 से 24, विट्ठल राव नगर, माधापुर, हैदराबाद – 500081(टेलीफोन:040 - 44655205/44655206/44655137/44655210, फैक्सः040-23420814) को **21/03/2014 तक भेजी जाए**. बांडों के अंतरण के मामले में अंतरिती को अंतरित बांड प्रमाणपत्र उक्त दिनांक से पहले रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करते हुए अपना नाम पंजीकृत कराना होगा.

5. आईडीबीआई बैंक लि. सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है. जिसके पास 1238 शाखाओं का एक व्यापक नेटवर्क है. इसने आईडीबीआई सुविधा फिक्स्ड डिपॉज़िट योजना(आईएसएफडी) सहित विभिन्न जमा योजनाएं शुरू की हैं. इन तमाम वर्षों में बने लाभप्रद संबंधों को जारी रखने की दिशा में बैंक बांडधारकों से अनुरोध करता है कि वे फ्लेक्सीबांड की मोचन राशि बैंक की किसी भी जमा योजना में निवेश करने पर विचार करें. इस संबंध में किसी अतिरिक्त जानकारी के लिए बांडधारक बैंक की किसी भी शाखा से संपर्क कर सकते हैं.

6. आईडीबीआई बैंक बांडधारकों द्वारा बैंक मे विश्वास जताने के लिए उन्हें पुनः धन्यवाद देता है और अपनी जमा योजनाओं के अंतर्गत एक सम्मानित जमाकर्ता के रूप में उनके साथ संबंध बनाये रखना चाहता है. बांडधारक कृपया अपना टेलीफोन नंबर, ई-मेल पता आदि सूचित करें ताकि उनसे शीघ्र संपर्क किया जा सके और साथ ही अपने पत्राचार में रजिस्टर्ड फोलियो नंबर (आरआईबी / आरटीबी 21XXXXXXX) का उल्लेख अवश्य करें.

भवदीय

ह/-

(पार्था पटनाइक)

उप महा प्रबंधक

देशी संसाधन विभाग